
हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 13 अगस्त 2025

06 इंदौर-भोपाल हाईवे पर आरण्य दी जंगल रिसोर्ट...



07 यात्रा के दौरान बूढ़े, युवा, दिव्यांग सभी ने हाथों में थामा...





## खबर संक्षेप

### रुद्राणी महायज्ञ कलश यात्रा के साथ हुआ शुरू

**सीहोर।** सात दिवसीय श्रीमद् भागवत 108 श्रीसत्यनारायण कथा मूल पाठ एवं मां रुद्राणी महायज्ञ का आयोजन रुणिचा धाम बाबा रामदेव मंदिर मुकातीपुरा इछावर में किया । आयोजन के शुभारंभ को लेकर मंगलवार को नगर में भव्य कलश यात्रा श्रद्धालुओं के द्वारा निकाली। आचार्य पंडित आनंद मोहन शुक्ला के मुखारविंद से मंगलवार से सोमवार तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का वाचन होगा। भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव,श्री गोवर्धन पूजा,रुक्मणी विवाह प्रसंग होंगे।

### युवा संगम रोजगार और अप्रेन्टिसशिप मेला लगा

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 अगस्त को सुबह 11 से 4 बजे तक डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग के द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित कर नये प्रकरण तैयार किए।

### 15 को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरू के. ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीहोर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी आदेशानुसार 15 अगस्त को शुष्क दिवस में जिले की सभी कंपोजिट मदिरा दुकानें, एफएल 3 होटलबार, रिसोर्टबार, गोदाम एवं देशी मद्यभंडार बंद रहेंगे।

### निर्वाचन के लिए सम्मिलन संपन्न

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में पूर्व से उप सरपंच के रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए 12 अगस्त 2025 को निर्वाचित पंचों एवं सरपंच का सम्मिलन आयोजित कराने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि पंचायतो के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध)में पंच पदों के निर्वाचन परिणाम की घोषणा 29जुलाई2025 को संपन्न हो चुकी है।

## नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत, जयकारों के साथ गूंजने लगे शहर के गलियारे

**भादौं मास में निकली शाही सवारी में उमड़ा जनसैलाब**

# शाही ठाठ से नगर भ्रमण पर निकले कनकेश्वर एवं बाबा भूतेश्वर महादेव










हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

भादवा मास के प्रथम सोमवार पर पुराना बस स्टैंड स्थित कनकेश्वर महादेव एवं शिव पहाड़ी स्थित बाबा भूतेश्वर महादेव शाही ठाठबाट से नगर भ्रमण पर निकले। सुसज्जित रथ में विराजित हो कर नगर भ्रमण पर निकले कनकेश्वर एवं बाबा भूतेश्वर महादेव का नगर वासियों ने पलक पावड़े बिछा कर स्वागत किया। भोले की शाही सवारी का जोश नगर वासियों के सर चढ़ कर बोल रहा था सोमवार सुबह से ही पूरा नगर शिवमय हो गया हर कोई शिव भक्ति के रस से सराबोर होकर अपने आराध्य के स्वागत सत्कार की तैयारी में लगा था।

### समिति के लोगों ने किया पूजन

पुराने बस स्टैंड पर स्थित कन्केश्वर महादेव मंदिर मे सवारी समिती के कैलाश नारायण परिहार,सिद्धनाथ चौधरी,वीरेन्द्रसिह ठाकुर,नंदकिशोर वर्मा, गोपाल शिन्दे, कैलाश गोरेलाल आदि समिती सद्स्यो द्वारा भगवान कन्केश्वर महादेव का अभिषेक कर अनुष्ठान कर पूजन कर महादेव को नगर भ्रमण के लिए आमंत्रित किया। शाम 7 बजे कनकेश्वर महादेव को फूलों से सजे रथ में विराजित किया साथ ही शिव पहाड़ी स्थित भूतेश्वर महादेव की सवारी भी पुराने बस स्टैण्ड पहुंची जहा से कनकेश्वर एवं भुतेश्वर महादेव नगर भ्रमण पर निकले।

### यह रहे आकर्षण के केंद्र

दुर्गा वाहिनी ने किया शोर्य प्रदर्शन

दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा पुरे मार्ग भर शोर्य का प्रदर्शन कर श्रद्धालुओं में जोश भर दिया।शाही सवारी में दुर्गा वाहिनी की बहनों ने शोर्य प्रदर्शन किया। नारी शक्ति और आत्मरक्षा जैसे करतब का प्रदर्शन करते हुए बालिकाओं ने लाठी और चकरे से प्रदर्शन कर अपनी शक्ति का परिचय दिया।

युवा भगतसिंह मित्र मण्डल के सदस्य बाबा महाकाल के स्वरूप को पालकी में विराजित कर एक जैसी वेशभूषा में ढोल झांझ मझीरे की थाप पर झूमते चल रहे थे। सवारी में शामिल आगर से आए भारत बैंड और अन्य बैंड के कलाकार राष्ट्रीय और धार्मिक गीतों के मधुर स्वर में प्रस्तुतीकरण दे रहे थे। साथ ही सवारी में नरसिंगढ़ से आई बैण्ड पार्टी ने इंस्यूमेटल धुन बजाते हुए सभी को आकर्षित किया।सवारी में शामिल सैकड़ो भक्तों ने कलाकारों को उपहार दे कर उनकी कला सम्मान किया।नगर में सवारी मार्ग पूरी तरह से स्वागत द्वारों से सजा हुआ था साथ ही विभिन्न संगठनों द्वारा जगह-जगह पर चाय, पानी, खिचड़ी,दूध,खीर,फल आदि वितरित कर सवारी में शामिल भक्तों का स्वागत किया गया।

### सवारी में दिखा राष्ट्र प्रेम

भोलेनाथ की शाही सवारी में भोलेनाथ की भक्ति के साथ-साथ देश प्रेम का नजारा भी देखने को मिला जिसमें दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा हाथ में राष्ट्रीय तिरंगा झंडा लेकर प्रदर्शन किया। देश प्रेम की भक्ति दिखाते हुए लोगों में देश भक्ति का जोश भर दिया।

### पीपल चौक पर हुआ हरिहर मिलन, मनाया आतिशी उत्सव



नगर के प्राचीन गणेश मंदिर पीपल चौक पर जब शाही सवारी का आगमन हुआ तो नगराधिपति के सम्मान में भूतेश्वर भक्त मण्डल द्वारा जमकर आतिशबाजी और पुष्प वर्षा करते हुए भोलेनाथ का स्वागत किया साथ ही जोशी मन्दिर से पालकी में कृष्ण जी को विराजित कर महादेव के रथ के समीप लाया गया। हरी और हर के इस अद्भुत मिलन को जिसने भी देखा वह भक्ति रस में डूब गया। इस दौरान आकर्षक विद्युत साज सज्जा एवं आतिशबाजी ने सवारी में शामिल सभी भक्तों का मन मोह लिया हर कोई इस दृश्य को देखकर हरी और हर के जयकारे लगाने लगा।हरिहर मिलन आकर्षक विद्युत सज्जा और आतिशबाजी के साथ हरि और हर का मिलन हुआ। ऐसा प्रतीत हुआ जैसे दिवाली उत्सव है।

### वही नगरवासियों ने पूजन कर दर्शन लाभ लिया

डीजे, ढोल और बैंड बाजे के साथ नगर भ्रमण पर निकले भोलेनाथ का नगरवासियों ने पलक पांवड़े बिछाकर स्वागत किया। सवारी के दौरान बैंड बाजे की धुन पर भक्ति से सराबोर होकर भक्त मस्ती में झूमते हुए चल रहे थे तो वही शाही ठाठ से रथ में विराजे बाबा कनकेश्वर महादेव और बाबा भूतेश्वर महादेव का जगह जगह लोगों ने पुष्प अर्पित कर पुजन अर्चन किया। शाही सवारी कनकेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर दयानंद मार्ग,माताजी चौराहा, गांधी मार्केट,पीपल चौक,बजरंग मोहल्ला, कन्याशाला,शिव डेरा होते हुए पुनः कनकेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां समिति सदस्यों द्वारा विधि विधान पूर्वक भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर सवारी का समापन किया गया और बाहर से आए आगंतुकों को भोजन प्रसाद करवाया गया। सवारी आयोजक समिति प्रमुख कैलाश परिहार,सिद्धनाथ चौधरी आदि का अनेक स्थानों पर बांधकर सम्मान किया गया। मुस्लिम समाज द्वारा भी सवारी एवं आयोजक समिति का स्वागत किया गया।

# बस ने बाइक सवारों को मारी टक्कर सड़क से दूर जाकर पलटी, 22 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुधनी



सोमवार दोपहर बरेली से नर्मदापुरम जा रही बस बगवाड़ा के पास बाइक सवारों को टक्कर मारने के बाद पलट गई जिसमें 20लोगों को चोटें आईं हैं वहीं बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम दिनेश तोमर,तहसीलदार ललित सोनी,एसडीओपी रवि शर्मा,थाना प्रभारी डीएसपी चैन सिंह रघुवंशी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरेली से नर्मदापुरम जा रही मालवीय बस क्रमांक एमपी 38पी0612 ने ग्राम बगवाड़ा के पास मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मार दी और खेत में जाकर पलट गई मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बगवाड़ा निवासी मांगीलाल पुत्र स्वर्गीय सुंदरलाल उम्र 49वर्ष एवं हिमेश पुत्र मांगीलाल उम्र लगभग 17वर्ष दोनों बाइक सवार पिता पुत्र को नर्मदापुरम पहुंचाया वही घायलों को एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल लाया गया थाना प्रभारी डीएसपी चैन सिंह रघुवंशी ने बताया कि बस में सवार 20 सवारियों को चोटें आई हैं वही बाइक सवारों को नर्मदापुरम इलाज के लिए ले जाया गया है।

# सरस्वती शिशु मंदिरों में मनाया गया रक्षा बंधन पर्व, बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



नगर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर केशवकुंज, माधव कुंज एवं मुखर्जी मार्ग में रक्षाबंधन उत्सव बड़े उत्साह और हर्ष के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी भैया बहनों ने एक दूसरे को राखी बांधी और भाई-बहन के प्रेम और स्नेह के प्रतीक इस पर्व को मनाया। मंगलवार को शिशु मंदिर के तीनों परिसरों में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। उल्लेखनीय है कि रक्षाबंधन एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। सरस्वती शिशु मंदिर में इस उत्सव को मनाने से बच्चों को इस परंपरा के महत्व के बारे में जानने का अवसर पाकर उन्होंने भाई-बहन के प्रेम को मजबूत करने का संदेश प्राप्त किया।

## जैन आराधना भवन में उत्तराध्ययन सूत्र पर चल रहे प्रवचन, जैन धर्मावलंबी प्रतिदिन ले रहे धर्मलाभ

# मनुष्य जीवन अमूल्य है, इसे व्यर्थ में न गंवा देना: रत्न निधि मसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा




मनुष्य भव चिंतामणि रत्न के समान है, यहां अमूल्य रत्न आपके पास है। लेकिन यदि आपको उसकी कीमत का ज्ञान नहीं है तो यह मनुष्य जीवन मिलना व्यर्थ है। जीवन प्रमाद करने जैसा नहीं है, इस जीवन का एक - एक पल अमूल्य है। जिसको अपनी आत्मा का बोध ज्ञान नहीं समझना उनकी आत्म चेतना जागृत नहीं हुई है। व्यक्ति के पास कितनी भी धन संपत्ति हो जाए लेकिन वहां इससे नींद शरीर की सौंदर्यता नहीं खरीद सकता है।

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में चातुर्मास हेतु विराजित

प.पू. प्रवर्तिनी महोदया श्री चन्द्रप्रभा श्री जी म.सा की सुशिष्या प.पू. रत्ननिधि श्री जी म.सा. ने मंगलवार को जैन आराधना भवन में उपस्थित समाज जनों के समक्ष उत्तराध्ययन सूत्र का वाचन करते हुए यहां विचार व्यक्त किये। साध्वी जी ने कहा कि हमें यहां दुर्लभ मनुष्य भव, परमात्मा का शासन, जैन कुल मिला है। साथ ही आराधना करने का अवसर मिलता है। लेकिन हम चिंतामणि रत्न के समान इस मनुष्य भव को प्रमाद, विषय विकारों, राग, द्वेष में व्यर्थ ही गवा रहे हैं। मनुष्य भव मिला है लेकिन हमारी परमात्मा के प्रति श्रद्धा व समर्पण ओस की बूंद के समान है। जो हवा के एक झोंके के साथ ही समाप्त हो जाती है।

साध्वीजी ने कहा कि बिना पुरुषार्थ के कभी सिद्धि मिलने वाली नहीं है। मनुष्य भव, परमात्मा का शासन मिला है। गुरु भगवंतो का सानिध्य व संयोग मिला है तो हमें धर्म व परोपकार के कार्य कर लेना चाहिए। उन्होंने कहाकि प्रमाद ही हमारी आत्मा का दुश्मन है, क्षण भर का प्रमाद (आलस्य) भी हमारा बहुत बड़ा नुकसान कर सकता है।शाश्वत सुखों को प्राप्त करने का पुरुषार्थ करना चाहिए। साध्वीजी ने कहा कि जीवन में हमें मित्र तो कई मिल जाएंगे लेकिन जो कल्याण मित्र होते हैं वह हमारे जीवन को व्यवस्थित कर हमारे दुर्गुणों को दूर कर सकता है। ऐसे कल्याण मित्र को ढूंढने के लिए हमें काफी मशक्कत करनी होगी।

उन्होंने कहा कि हमारी आत्मा के अनंत उपकारी अरिहंत परमात्मा से मैत्री कर लो तो जीवन में फिर किसी अन्य से मैत्री की आवश्यकता ही नहीं होगी। क्योंकि जो हमारी आत्मा का कल्याण करें वही सच्चा मित्र होता है, इसीलिए जीवन में परमात्मा, गुरु या ऐसे कोई कल्याण मित्र बनाओ जो हमारे जीवन में परिवर्तन ला दे।

साध्वीजी ने कहाकि परमात्मा के द्वारा प्ररुपित जो बहुश्रुत ज्ञान है, उसमें बाधित तत्व मनुष्य का अहंकार, क्रोध, रोग, प्रमाद, आलस्य है। व्यक्ति अपने जीवन में राम एवं रावण दोनों का रूप बनाकर यह जीवन जी रहा है। उन्होंने बताया कि एक नाटककार द्वारा रामायण का मंचन किया जाना था लेकिन ऐन वक्त पर रावण का पात्र निभाने वाला कलाकार बीमार हो जाता है उसे अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। अब नाटककार को यह चिंता सताने लगी की कुछ ही देर में प्रारंभ होने वाली रामायण में रावण का रोल कौन अदा करें। उन्हें चिंतित देखकर राम का रोल अदा करने वाला कलाकार उनकी चिंता का कारण पूछता है तो वहां बताते हैं कि रावण का रोल अदा करने वाला कलाकार बीमार है अब रावण का रोल कौन अदा करेगा तब राम का रोल अदा करने वाला कलाकार कहता है रावण का रोल भी मैं ही अदा करूंगा। मुझे रावण के रोल की सब बातें याद है। वहां नाटककार से कहता है कि जब मैं मंचन के समय राइट में खड़ा रहूं तो समझना राम का रोल कर रहा हूं यदि मैं लेफ्ट में खड़ा होता हूं तो रावण का रोल करूंगा।

उन्होंने बताया कि वहां तो केवल मंच पर रोल अदा करने की बात थी। लेकिन वर्तमान में हम कैसे जी रहे हैं राम के रोल में या रावण के रोल में। जब पद, प्रतिष्ठा, प्रशंसा, पैसा प्राप्त होता है तो व्यक्ति अपने आप को राम के रूप में समझता है। लेकिन जैसे ही कोई निमित्त मिलता है। क्रोध विकार, ईर्ष्या का तो व्यक्ति रावण का रूप अदा करने में भी पीछे नहीं होता है। हमें अपना जीवन कैसा बनाना है राम जैसा या रावण जैसा इस पर आप विचार करें। साध्वी जी ने एक दृष्टांत के द्वारा बताया कि व्यक्ति शेयर बाजार में निवेश उसी कंपनी मैं करना पसंद करता है जिसमें उसे मुनाफा मिलने की आस रहती है।

इसी प्रकार धर्म के मार्ग पर भी हमारे सामने दो कंपनी के शेयर हैं पहले मोह व दूसरा धर्म। मोह की कंपनी में राग, द्वेष, ईर्ष्या, कषाय, क्रोध, मान, माया, लोभ है। वहीं धर्म की कंपनी में सहनशीलता, परोपकारिता, सहिष्णुता जैसे गुण हमें मुनाफे के रूप में प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन को सार्थक व सफल बनाना है तो जीवन में धर्म की कंपनी का शेयर खरीदेंगे तो निश्चित रूप से हम भी उत्थान की ओर अग्रसर हो सकेंगे। ब्रह्म दृष्टि से हम जिसमें मुनाफा है उस कंपनी का शेयर लेते हैं वहीं आंतरिक दृष्टि से हम कौन सी कंपनी का शेयर खरीदना पसंद करेंगे जिसमें ज्यादा मुनाफा है। जैन आराधना भवन में प्रतिदिन प्रात 9:30 से 10:30 बजे तक साध्वीजी द्वारा उतराध्यान सूत्र शास्त्र पर प्रवचन दिए जा रहे हैं।

### कुबेरेश्वरधाम: कंकर-कंकर में हैं शंकर, रोज आ रहे हजारों में श्रद्धालु

**सीहोर।** कंकर-कंकर शंकर का अर्थ है कि कुबेरेश्वर धाम में हर कंकर को भगवान शिव का रूप मानकर पूजा जाता है, और यह इस धाम की एक अनूठी विशेषता है। सोमवार को भी करीब 20 हजार से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने धाम पर पहुंचकर भजन-कीर्तन और ध्यान के साथ बाबा का अभिषेक किया। इन दिनों बड़ी संख्या में महाराष्ट्र के श्रद्धालु आ रहे है। जिससे शहर के सीवन घाट से करीब 11 किलोमीटर भक्तिभाव से धाम पर पहुंच रहे है और अभिषेक का क्रम जारी है। जानकारी के अनुसार सोमवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, शाम को बाबा की आरती की गई। वहीं सुबह यहां पर अनेक श्रद्धालु कांवड लेकर पहुंचे, कांवड़ का महत्व सदियों पूर्व का है। कांवड़ यात्रा सिर्फ यात्रा नहीं भक्तों के असीम धैर्य, प्रेम व लगन का संगम है। जहां-जहां कांवड़िए दिखाई देते हैं ऐसा लगता है भक्ति वहां स्वयं प्रकट हो गई। धाम पर हर तरफ भक्ति, यात्रा, पूजन, कीर्तन : विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि 12 ज्योतिर्लिंग के मध्य में प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम करोड़ों श्रद्धालुओं का केन्द्र है। यहां पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में आने वाले श्रद्धालुओं ने निशुल्क भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जाती है। यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु धाम पर कंकर-कंकर में शंकर की पूजा अर्चना करते हैं।

## खबर संक्षेप

### तिरंगा रैली की तैयारियों के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**देवास।** शहर में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जिला स्तर पर 13 अगस्त को प्रातः 10.00 बजे से श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम देवास से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। यात्रा सयाजी द्वार देवास पर संपन्न होगी। तिरंगा यात्रा में जनप्रतिधिगण, सामाजिक संगठन, उद्योग संगठन, व्यापारी संगठन, स्कूल, कॉलेज, खेल स्वास्थ्य, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एवं देवास शहर के नागरिक सम्मिलित होंगे। सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा ने श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम देवास में पहुंच कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### चंदाना से बैरागढ तक निकली तिरंगा यात्रा

**देवास।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के तहत हाटपीपल्या विधानसभा के क्षिप्रा मंडल द्वारा ग्राम चंदाना से बैरागढ तक आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में सम्मलित हुआ। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, देवास विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव, मंडल अध्यक्ष विश्वास उपाध्याय, ओम जोशी, बलराम चौधरी, मनोहर सिंह पंवार, वरुण चौधरी, कपिल सिंह पवार, भाजपा युवा मोर्चा क्षिप्रा मंडल अध्यक्ष मोहित जाट, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह पंवार सहित सैकड़ों युवा साथी, बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और अन्य गणमान्य जनों ने हिस्सा लिया।

### परिवार के साथ भोजन करने पहुंची शिक्षिका ने लगाए आरोप

# इंदौर-भोपाल हाईवे पर आरण्य दी जंगल रिसोर्ट पर गुणवत्ता विहिन भोजन परोसने पर हंगामा


रिसोर्ट पर भोजन करने पहुंचे परिवार ने खराब व्यवहार को लेकर किया हंगामा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा




भोपाल-इंदौर हाईवे पर ग्राम अरनिया में स्थित रिसोर्ट ''आरण्य दी जंगल रिसोर्ट'' पर खराब व्यवस्था व व्यवहार को लेकर गंभीर आरोप लगे हैं। सोमवार रात करीब 8.30 बजे एक शिक्षिका परिवार के साथ रिसोर्ट पर भोजन करने पहुंची। उस दौरान उज्जैन निवासी शिक्षिका द्वारा जमकर हंगामा किया गया और रिसोर्ट की बेकार सर्विस, गुणवत्ता विहिन भोजन, मैनेजमेंट द्वारा संतोष पुर्वक व्यवहार नही करने तथा ग्राहकों के स्वास्थ के साथ खिलवाड़ करने जैसे आरोप लगाए गए। शिक्षिका दीपिका सोनी के अनुसार परिवार के सदस्यों के साथ वे रिसोर्ट पर भोजन करने पहुंची थी। जहां निम्न स्तर की सर्विस व भोजन की गुणवत्ता पर जब सवाल उठे तो मैनेजमेंट ने उन्हे बिल में डिस्काउंट करने का लालच देकर संतुष्ट किया।

कुल मिलाकर शिक्षिका व उनके परिजनो ने जैसे-तैसे भोजन किया ओर जब बिल पेमेंट करने पहुंची तो, वे उस समय उग्र हो गई। रिसेप्शन पर कर्मचारी द्वारा बिल में डिस्काउंट देने के बजाए उनके साथ बिल भुगतान के लिए मनमानी की गई। बस यहीं शिक्षिका का सब्र टुट गया और उसने जमकर हंगामा कर दिया। इस बात की भनक लगने पर रिसोर्ट पर ही एक आयोजन में शामिल होने पहुंचे क्षेत्र के मिडिया कर्मी रिसेप्शन पर पहुंचे। जिन्होने घटना की जानकारी प्राप्त कर मेनेजमेंट से बातचीत की, तब वह हाथ जोड़कर सभी बातों के लिए माफी मांगता रहा। प्रबंधक द्वारा रिसोर्ट मालिक का नाम भोपाल निवासी शिवम त्रिवेदी बताया गया। शिक्षिका व अन्य ग्राहको ने गुणवत्ता विहिन नाश्ता, खाना एवं खराब हो चुकी आइस्क्रीम के बारे में बताया गया। मावा बाटी एवं आइस्क्रीम को चेक करने पर पता चला की मावा बाटी खट्टी थी वहीं आईसक्रिम से भरा





फ्रिजर कई दिनो से सफाई के अभाव में बदबु मार रहा था। शिक्षिका व ग्राहकों ने प्रशासन के आला अधिकारीयों ध्यान आकर्षण कराया है कि, घटना मध्यप्रदेश के पर्यटन उद्योग के लिए चेतावनी है। आरण्य रिसोर्ट जैसे प्रतिष्ठान अगर ग्राहकों के साथ गलत व्यवहार करेंगे, तो राज्य की हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री की छवि धूमिल होगी। प्रशासन को ऐसे रिसोर्ट्स की नियमित ऑडिटिंग और ग्राहक फीडबैक सिस्टम अनिवार्य करना चाहिए। फूड स्टोरेज और हाइजीन मानकों की जाँच होनी चाहिए। डीप फ्रीजर में मिली खराब आइसक्रीम खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2006 का सीधा उल्लंघन है। रिसोर्ट से संबधित सभी विभागों के अधिकारीयों को निर्देशित कर उचित जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने पर रिसोर्ट का लाइसेंस निरिस्त किया जाए।

#### नियम विरुद्ध बदलाव की जांच हो

उल्लेखनीय है कि, यह रिसोर्ट हाईवे पर देवास जिले में स्थित होकर फारेस्ट विभाग के पुराने रेस्टहाऊस के स्थान पर बना हुआ है। जहां चायपानी, खान-पीने से लेकर रात रुकने तथा एशो आराम करने जैसी व्यवस्थाओं के सब्जबाग दिखाए जा रहे है। परंतु वास्तविकता दिखावे से बिल्कुल विपरित है। सूत्रों के मुताबिक शासन द्वारा यह स्थान निर्धारित समय के लिए मूलभुत सुविधाओं, संरचना ओर प्राकृतिक छटा को बिना नुकसान पहुंचाएं अनुबंधकर सौंपा गया हैं। अनुबंध करता द्वारा यहां पर नियम विरुद्ध कई कार्य किए गए है। मामले में खाद्य अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि शिकायत मिली है, जांच की जाएगी, गड़बडी मिली तो नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# अपहरण, लूट, मारपीट और सामाजिक अपमान करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

### देवास पुलिस ने की सख्त कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस ने सख्त कार्यवाहीकरते हुए अपहरण, लूट, मारपीट और सामाजिक अपमान करने वाले 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने फरियादी की मूंछें और सिर के बाल काटकर घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था।8 अगस्त को फरियादी ज्ञानसिंह पिता बजेसिंह गुर्जर उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम कमलियाखेड़ी थाना सुन्दरसी जिला शाजापुर ने थाना सुन्दरसी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 07 अगस्त को ग्राम लसूड़लिया ब्राह्मण थाना पीपलरावां के रहने वाले आरोपी संजू गुर्जर,विष्णु गुर्जर सहित अन्य ने फरियादी को मां-बहन की अश्लील गालियां दी एवं मारपीट की साथ ही उस पर लाठी-डंडों से हमला किया तथा सिर के बाल और मूंछें काट दीं । मोबाइल व पर्स भी लूट लिए । रिपोर्ट थाना सुन्दरसी से ज़ीरो एफआईआर के माध्यम से थाना पीपलरावाँ में स्थानांतरित कर अपराध क्रमांक 270/2025 अंतर्गत धारा 115(2), 296, 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्द कर विवेचना में लिया गया । घटना के पश्चात आरोपियों ने उक्त घृणित कृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था । जिससे समाज में भय और आक्रोश फैलने की स्थिती उत्पन्न हुई । घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी पुनीत गेहलोद ने तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी कर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया, जिस पर से एएसपी शहर जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में एसडीओपी दीपा माण्डवे के निर्देशन में थाना प्रभारी पीपलरावां सुबोध गौतम के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया । पुलिस टीम के द्वारा वायरल वीडियो मे दिख रहे 06 संदिग्ध व्यक्तियो की पहचान कर उन्हे मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान फरियादी और साक्षियों के बयानों से अपहरण, लूट, योजना बनाकर मारपीट जैसे संगीन अपराध के आधार पर प्रकरण में धारा 189(4), 190, 191(3), 140(2), 309(6), 118(1) बीएनएस की वृद्धि की गई। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने आरोपीसंतोष उर्फ शांतीलाल पिता झितुसिंह गुर्जर उम्र 30 साल, विष्णु पिता झितुसिंह गुर्जर उम्र 25 साल,कमल पिता झितुसिंह गुर्जर उम्र 40 साल,सुनिल पिता शिवलाल गुर्जर उम्र 26 साल,संजय पिता शिवलाल गुर्जर उम्र 30 साल और सचिन पिता ज्ञानसिंह गुर्जर ग्राम गोयला थाना बेरछा को गिरफ्तार किया हैं।उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी पीपलरावां सुबोध कुमार गौतम,उनि कपिल नरवले,सउनि जाकिर हुसैन,प्रआर सौदान सिंह,आर चेतन सिंह ठाकुर की सराहनीय भूमिका रही ।

### खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव 16 अगस्त को

**देवास।** अमृत नगर स्थित खाटू श्याम धाम मंदिर में 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर एक भव्य खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह बाबा श्याम का 17वां वार्षिक महोत्सव है। मंदिर के संस्थापक श्याम शर्मा, प्रेम अग्रवाल, और ओम प्रकाश बंसल ने बताया कि इस विशेष दिन पर बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा और उन्हें 56 भोग अर्पित किया जाएगा। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं के लिए पवित्र ज्योत दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है।

# नगर में हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे नगर के युवा, जनसुनवाई में लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर में हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ अब युवाओं ने नगर से अतिक्रमण हटवाने का पक्का ही मूड बना लिया है, जहां पिछले दिनों नगर के रपट पर अतिक्रमण के कारण जाम लग गया था, इस जाम को खुलवाने को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

इसके बाद नगर के युवाओं ने एमजी रोड़ व पूरे नगर में घूम कर अपने ही हाथों से अतिक्रमण हटा दिया व बचे हुए अतिक्रमणकारियो को अल्टीमेटम दिया गया था कि आप लोग रोड़ पर रखा सामान स्वयं ही हटा ले नहीं तो हम युवा मिलकर अतिक्रमण हटा देंगे जिसमें टूट-फूट की जवाबदारी आप दुकानदारो की स्वयं की रहेगी। इसके बाद भी आज तारीख तक दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण रोड़ पर से नहीं हटाया गया जिसके बाद नगर के युवाओ ने सैकड़ो की तादात में इकट्ठे होकर नायब तहसीलदार नेहा शाह, नगर परिषद सीएमओ सविता सोनी एव थाना प्रभारी प्रीति कटारे को अतिक्रमण के खिलाफ ज्ञापन दिया, जिसके बाद नगर परिषद द्वारा सभी दुकानदारों को नोटिस देकर तीन दिन का समय दिया गया वही नगर परिषद के वाहन से सूचना दी गई, लेकिन तय समय सीमा निकल जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया और उल्टा लोगों ने धीरे-धीरे फिर रोड़ पर अपनी दुकान लगाना शुरू कर दी और आज तारीख तक अतिक्रमण को हटाने की स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद मंगलवार को सभी जागरूक युवा इकटठे होकर सैकड़ो की संख्या में देवास कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और नगर में हो रहे अतिक्रमण व रविवार को नगर में लगने वाले हाट बाजार को दूसरी जगह शिफ्ट करने को को लेकर जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह को एक आवेदन सौंपा गया जिस पर कलेक्टर सिंह द्वारा युवाओं को आश्वासन दिया गया कि जल्द ही अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस अवसर पर शेखर ठाकुर, ओम प्रकाश जायसवाल, अनिल चावड़ा, नीरज ठाकुर, हिम्मत ठाकुर, भुरू दरबार, नरेंद्र ठाकुर, अमित चौधरी, भारत कुंभकार, दिलीप दिलवाया, धीरेंद्र ठाकुर, अर्जुन यादव, कुंदन ठाकुर,भादर यादव, कमलेश माली, आदि लोग मौजूद रहे।




# लूट के मामले में पुलिस ने इंदौर के ज्वेलर को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



एक महीने पहले हुई लूट के मामले में पुलिस ने मंगलवार को इंदौर के एक ज्वैलर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रितेश राठौर उर्फ बंटी ठाकुर के रूप में हुई है। वह शक्तिनगर इंदौर का रहने वाला है और सराफा बाजार में ज्वेलरी का काम करता है। घटना 11 जुलाई को शिखर्जी धाम देवास में हुई थी। दोपहर करीब 2:15 बजे तीन व्यक्ति बाइक पर फरियादी हर्षराज सिंह के घर पहुंचे थे। पानी मांगने के बहाने घर में घुसकर पिस्टल और चाकू दिखाकर उन्होंने हर्षराज को बंधक बना लिया। आरोपियों ने मारपीट कर अलमारी तोड़ी और ज्वेलरी, नकदी व मोबाइल फोन लूट लिए।पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने अब तक इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। 12 अगस्त को पुख्ता सूचना के आधार पर रितेश राठौर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से लूट की दो सोने की अंगूठियां बरामद की गईं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया, उप-निरीक्षक नरेंद्र अमकरे, सर्जन सिंह मीणा, प्रधान आरक्षक शैलेन्द्र राणा, आरक्षक अजय जाट और अर्पित जायसवाल की भूमिका रही।

# किसानों के उत्थान के लिए किसान संघ का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत का प्रशिक्षण वर्ग हाटपिपलिया तहसील के ग्राम कावड़िया जूनापानी मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रांत सदस्य रामप्रसाद सूर्या प्रांत ,प्रचार प्रमुख गोवर्धन पाटीदार, सम्भाग सहमंत्री बहादुरसिह राजपुत, जिला अध्यक्ष हुकम पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण दिया गया। प्रांत सदस्य रामप्रसाद सूर्या ने कहा कि भारतीय किसान संघ किसानों का किसानों द्वारा चलाए जाने वाला गैर राजनीतिक राष्ट्रवादी एवं राष्ट्रव्यापी संगठन है। राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी ने कोटा शहर में 4 मार्च 1979 को संगठन की स्थापना की थी। ग्राम समिति संगठन की मुख्य इकाई है तथा किसान उत्थान से ही राष्ट्र का उत्थान हो सकता है। जिला अध्यक्ष हुकम पटेल ने कहा की हमारा संगठन तीन आयाम संगठनात्मक, रचनात्मक, एवं आंदोलनात्मकपर काम करने वाला संगठन है।प्रांत प्रचार प्रमुख गोवर्धन पाटीदार ने कहा देश है तो हम हैं। हमारा संगठन राष्ट्रहित की भावना से काम करने वाला संगठन है। वर्ग में संस्थापक राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी के जीवन और ग्राम समिति के कार्यों के बारे में बताया गया।पाटीदार ने बताया कि हमारे इष्ट देवता भगवान बलराम है, हमारा ध्वज भगवा रंग का है हमारी रिति-नीति, कथनी- करनी में अंतर ना हो,जैसा बोले वैसा करे। राकेश जाट ने अपने संबोधन में गोपाष्टमी गौ माता की पूजन और बलराम जयंती का महत्व बताया एवं गौ आधारित खेती से ही समाज एवं राष्ट्र का उत्थान पर जोर दिया। किसानों को केदारमल पाटीदार, बहादुर सिंह राजपूत ने भी सम्बोधित किया।सत्र के बाद पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर नारायण मंडलोई तहसील अध्यक्ष, रामनारायण यादव, ओमप्रकाश पाटीदार, हरीश मंडलोई, गोकुल सिंह चौहान, अनिल पाटीदार, सतीश प्रजापति, राजपाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाइयों ने बहनों के सिर पर हाथ रखकर लगवाई पांच डुबकी

# धार्मिक मान्यता: चन्द्रकेश्वर तीर्थ पर तीज व्रत का हुआ उजमन





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल पर मंगलवार के दिन बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची जहां पर कजरी तीज व्रत पर तीज माता का पूजन किया गया। इस दौरान पंडित कैलाश वैष्णव ने बताया कि धार्मिक महत्व और मान्यता है कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन माता पार्वती ने कठोर तपस्या के बाद भगवान शिव को अपने पति के रूप में प्राप्त किया था। इसीलिए कजरी तीज का व्रत पति-पत्नी के रिश्ते में स्थिरता, प्रेम और दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। कजरी तीज हिंदुओं के सबसे प्रमुख त्योहारों में से एक है। इस दिन का धार्मिक महत्व बहुत अधिक है। हर विवाहित महिला इस शुभ कजरी तीज के दिन व्रत रखती है। वे अपने पति के स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए देवी पार्वती से प्रार्थना करती है। तीज का पर्व मुख्य रूप से भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन की याद में मनाया जाता है। यह पर्व विवाहित महिलाओं और अविवाहित लड़कियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है, जो अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और अच्छे जीवनसाथी की कामना के लिए व्रत रखती हैं। तीज का पर्व माता पार्वती द्वारा भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए की गई कठोर तपस्या और उनके पुनर्मिलन की कहानी से जुड़ा है। तीज का पर्व सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। वे इस दिन व्रत रखकर, सोलह श्रृंगार करके भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं और अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अच्छे वैवाहिक जीवन की कामना करती हैं। तीज का पर्व श्रावण मास में मनाया जाता है, जब प्रकृति हरी-भरी होती है। यह पर्व प्रकृति की सुंदरता, ताजगी और जीवन में हरियाली लाता है। मंगलवार को चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल पर कुंड में स्नान कर बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया, जिसके बाद पांच भाइयों बहनों के सिर पर हाथ रखकर पांच डुबकी लगवाई, फिर बहनों तीज माता का पुजन किया। इस दौरान महिलाओ में काफी उत्साह देखा गया। सिर पर तीज माता को रखकर नाचते हुए उत्सव मनाया। इस दौरान चापडा,नेवरी, अवल्दा सहित कई गांवों से महिलाएं तीज माता को लेकर पहुंची और व्रत उजमाए गए। इस दौरान जितेंद्र पाटीदार, राजेश राजपूत, सिद्धनाथ पाटीदार, लोकेश राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# एचआईवी संक्रमण के प्रति जागरूकता बढ़ाने निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जिलों में 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने बताया की अभियान का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य में एचआईवी संक्रमण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है ताकि वह एचआईवी संक्रमण के कारण, बचाव के तरीके तथा एचआईवी की जांच एवं उपचार आदि से संबंध में जागृत हो सके तथा समस्त उपचार सेवाओं का आधिकारिक लाभ ले सके। जेम्स बेक द्वारा जिले में अभियान जिला स्तर से जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया एवं बाइक रैली को हरी झंडी देवास रवाना किया, साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत तिरंगा यात्रा भी निकल गई। रैली में दिशा /डी.ए.पी.सी.यू से जीपी खरे, डॉ अमरीन शेख,जिला एड्स नोडल अधिकारी,जिला चिकित्सालय के चिकित्सक, एआरटी मेडिकल ऑफिसर, आईसीटीसी स्टाफ, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के सभी स्टाफ तथा एनजीओ तुमुल एम्स एवं विहान एवं सीएमएचओ कार्यालय के स्टाफ द्वारा 200 व्यक्तियों द्वारा भागीदारी की गई। रैली के अंतर्गत एचआईव्ही से संबंधित नारे एवम तख्तियों के माध्यम से जागरूकता बाईक रैली शहर के मुख्य मार्ग ए.बी रोड से शुरू होकर लाल गेट, बस स्टैंड,एवं भोपाल चौराहे से परावर्तित होकर मुख्य चिकित्सा, स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में समाप्त की गई।

## खबर संक्षेप

### दहेज की खातिर बहू से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** शादी में मुंहमांगा दहेज देने के बावजूद भी अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुये महिला से मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण में महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। मूल रूप से मध्य प्रदेश के जिला इन्दौर के एयरपोर्ट रोड 4 डी नवीन नगर निवासी निवासी अंकिता जैन पुत्री अरविन्द जैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब 4 वर्ष पहले शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला चौकाबाग निवासी संजीव जैन पुत्र राजकुमार जैन के साथ सम्पन्न हुयी थी। शादी में उसके पिता अरविन्द जैन पुत्र हुकुमचंद्र जैन ने 120 ग्राम सोना, 50 हजार रुपये नकद, दहेज में घर-गृहस्थी का सामान इत्यादि दिया था, जो कि करीब 20 लाख रुपये का होता है। आरोप है कि शादी के दो वर्ष बाद से ही उसकी सास शोभा जैन, ससुर राजकुमार जैन, जेठ विकास जैन, जेठानी कशिश जैन व पति संजीव जैन एकराय होकर आये दिन किसी न किसी बात को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। बात-बात पर गालियां देते हुये मारपीट की जाने लगी। पीड़िता ने बताया कि उसके पति ने करीब 30 लाख रुपये का कर्ज कर लिया है, जिसे चुकाने के लिए वह उससे मायके से रुपये लाने की बात कहते हैं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे घर से निकाल देने की धमकी देते हैं। यह भी आरोप है कि उसका सारा जेवर भी पति ने अपने पास रख लिया और मांगने पर नहीं दिया। इसके अलावा घर खर्च के लिए भी रुपये नहीं दिये जाते हैं। विवाद होने की स्थिति में जब महिला के पिता ने ससुरालियों से कारण जानना चाहा, जिस पर उक्त लोगों ने उसके पिता को भी धमका दिया। बताया कि बीते 10 अगस्त को शाम करीब 6 बजे पति ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे उसे शरीर में कई जगह चोट आयीं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### एकराय होकर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** ग्राम मऊमाफी निवासी हरि पुत्र हल्कूआ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 अगस्त को सुबह करीब 10 बजे वह घर पर था। तभी गांव के महेश व नरसिंह पुत्रगण हलमीरा, बलराम व जितेन्द्र पुत्रगण नरसिंह एकराय होकर आये और गालियां देते हुये उसके साथ मारपीट कर दी। बचाव करने आये उसके पुत्र जितेन्द्र व पुत्री पूजा के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शराब के नशे में पुत्र ने की पिता की हत्या

**ललितपुर।** शराब के नशे में धुत्त एक युवक ने अपने ही पिता पर लाठियों से प्राणघातक हमला कर दिया। इस हमले में घायल पिता की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि थाना गिरार अंतर्गत ग्राम हीरापुर निवासी गुंजा कुशवाहा का उसकी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हा गया था। इस विवाद को बढ़ता देख गुंजा के पिता गोरेलाल ने बीच-बचाव करते हुये दोनों को अलग कर दिया। इस दौरान गुंजा ने गुस्से में अपने पिता पर लाठियों से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिये, पिता की ही मौत हो गयी।

### संदिग्धावस्था में किसान की मौत

**ललितपुर।** जिले में एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम मिर्चवारा निवासी 40 वर्षीय गोधन पुत्र नंदू के रूप में हुई है। सोमवार की शाम को गोधन अपने खेत पर गया था। वहां उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज ललितपुर ले गए। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, गोधन तीन भाई और तीन बहनों में चौथे नंबर का था। उसके तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। अत्यधिक बारिश के कारण फसल खराब हो गई थी, जिससे वह काफी परेशान था। पुलिस ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में मनाया गया रक्षाबंधन

**ललितपुर।** आत्मिक स्नेह एवं पवित्रता का प्रतीक है। यह रक्षाबंधन जिसमें राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी ने बताया कि यह आत्मा की पवित्रता,



ईश्वरीय सानिध्य से प्राप्त सुरक्षा कवच एवं आत्म परिवर्तन का प्रतीक है रक्षाबंधन। इस दिन बहन, भाइयों को राखी बांधते हुए उनसे केवल शारीरिक सुरक्षा का नहीं बल्कि आत्मिक मर्यादाओं का पालन करने का संकल्प दिलाती है। यह रक्षा सूत्र राखी आत्मा को ईश्वर से जोड़कर बुराइयों से रक्षा करने की याद दिलाता है। यह पर्व सच्चाई, पवित्रता और आत्म-संयम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। दीदी बीके मायारानी दीदी ने कहा कि रिश्तो में प्रेम, आत्मा में शांति, यही है ईश्वरीय दिव्य अलौकिक रक्षाबंधन। साथ में बीके प्रीती दीदी ने राजयोग का अभ्यास कराया। तत्पश्चात सभी भाई-बहनों रक्षासूत्र (राखी) बंधवाते हुए तिलक, स्लोगन कार्ड एवं ईश्वरीय प्रसाद प्राप्त किया।

## कारपोरेट जगत में नई इबारत बनीं आनंदमयी, कुशाग्र बजाज की बेटी ग्रुप में शामिल

# सौ वर्ष की व्यवसायिक धरोहर को संभालेगी पांचवीं पीढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बजाज ग्रुप के चेयरमैन कुशाग्र बजाज की बेटी आनंदमयी बजाज (22) भारतीय बिज़नेस घराने एक नई इबारत लिखने जा रही हैं । वह इस महीने की शुरुआत में 2.5 अरब डॉलर के पारिवारिक व्यवसाय में महाप्रबंधक (रणनीति) के रूप में शामिल हुईं।

समूह में उनका प्रवेश प्रमुख व्यावसायिक परिवारों की महिलाओं द्वारा प्रबंधन भूमिकाएँ संभालने के बढ़ते चलन का हिस्सा है। आनंदमयी, जिनकी मां वासवदत्ता बजाज आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला की बहन हैं, ने जून में कोलंबिया विश्वविद्यालय से वित्तीय प्रबंधन में



स्नातक की डिग्री प्राप्त की है । एक अर्थशास्त्र और गणित में निपुणता के साथ अपनी नई भूमिका संभाल रहीं हैं ।वह कंपनियों के बोर्ड में शामिल होने से पहले समूह के विभिन्न व्यवसायों में नेतृत्व टीमों के साथ सहयोग करेंगी। पशु देखभाल और महिला सशक्तिकरण के प्रति समर्पित आनंदमयी के दो भाई हैः युगादिकृत (20) और विश्वरूपी (17)। युगादिकृत डिग्री हासिल कर रहे हैं और दो साल में समूह में शामिल होने वाले हैं। एचआर कॉलेज के छात्र विश्व रूपे पोलो चैंपियन हैं। आनंदमयी की नियुक्ति पर, कुशाग्र बजाज ने कर्मचारियों से कहा कि वह युवा जिज्ञासा और जमीनी जिम्मेदारी का एक अनूठा मिश्रण लेकर आई हैं-उसकी यात्रा सिर्फ़ उसकी नहीं है यह हमारी सामूहिक कहानी का ही एक विस्तार है। अपनी नई भूमिका पर आनंदमयी बजाज ने कहा बजाज समूह से औपचारिक रूप से जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं सीखने, बढ़ने और समूह की परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हूँ। यह एक जिम्मेदारी है, जिसे मैं पूरे समर्पण के साथ निभाऊंगी।

बजाज समूह चीनी, इथेनॉल, बिजली और पर्सनल केयर व्यवसायों में सक्रिय है और 12,000 से ज़्यादा लोगों को रोज़गार देता है। बजाज समूह की स्थापना महात्मा गांधी के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले स्वर्गीय श्री जमनालाल बजाज द्वारा देश औद्योगिक रूप से आत्मनिर्भर करने के लिए रखी थी, तब से लेकर आज तक विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में ये नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है ।

## देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों व भारत माता के जयकारों से गूंजा शहर

# यात्रा के दौरान बूढ़े, युवा, दिव्यांग सभी ने हाथों में थामा तिरंगा

*पुष्प वर्षा और भारत माता के जयघोष के साथ शहर के प्रमुख स्थलों से गुजरी भव्य तिरंगा यात्रा*





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

79वे स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ह्यह्यहर घर तिरंगा अभियानह्लह्ल के जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्र की एकता, अखण्डता, पंथ निरपेक्षता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द को सुदृढ़ करने तथा प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रप्रेम की भावना को पल्लवित करने हेतु मंगलवार को प्रातः 9 बजे से पुलिस लाइन प्रांगण में जनपद के अधिकारियों, नागरिकों व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडिट, स्काउट गाइड आदि को शामिल करते हुए एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन प्रांगण से प्रारंभ होकर कचहरी चौराहा, तुवन चौराहा, घण्टाघर होते हुए वापस पुलिस लाइन में समाप्त हुई।

यात्रा का शुभारंभ तिरंगा ध्वज लहराकर किया गया। यात्रा में देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों एवं भारत माता की जयकारों से सड़कें व गलियां गूंज रही थीं, जिससे तिरंगा यात्रा की भव्यता और अधिक निखकर आकर्षण का केन्द्र बन रही थी। तिरंगा यात्रा से उत्साहित होकर लोग जगह-जगह पुष्पवर्षा कर रहे थे। तिरंगा यात्रा में छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट ने तिरंगा लहरा कर और ढोल बजाते अन्य लोगों में देश प्रेम की भावना जागृत किया और लोगों ने भी तिरंगा रैली के साथ जोरशोर से ह्यह्यभारत माता की जयह्लह्ल के नारे लगाये। यात्रा के दौरान बूढ़े, युवा, दिव्यांग सभी ने अपने हाथों में तिरंगा थामा और शान से तिरंगा लहराते हुए हजारों की संख्या में यात्रा में प्रतिभाग किया।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, अधिशासी अभियंता नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारीगण, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडिट, स्काउट गाइड एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

## नेताओं की गिरफ्तारी अवैध

# इंडिया गठबंधन के युवा नेताओं ने किया प्रदर्शन




**ललितपुर।** विगत दिवस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक बुलाई, जिसमें वोटर लिस्टों में गड़बड़ी, मतगणना में धांधली, वोटिंग प्रक्रिया में धांधली, मतदान एजेंटों में भेदभाव आदि के सम्बन्ध में चुनाव आयोग द्वारा की जा रही वोट चोरी किये जाने का आरोप लगाया गया । इसको लेकर को इंडिया गठबंधन के सांसद चुनाव आयोग जा रहे थे उन्हे बीच रास्ते मे रोककर असंवैधानिक रूप से गिरफ्तार किया गया। जिसके विरोध मे ललितपुर जनपद के इंडिया गठबंधन के युवा संगठन जिला युवा कांग्रेस एवं जिला मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के नेतृत्व मे कम्पनी बाग से जिला निर्वाचन कार्यालय तक मार्च कर प्रदर्शन किया एवं आगामी चुनाव निष्पक्ष कराने के लिए चेताया। इस दौरान युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंकित यादव ने कहा कि 2024 में केन्द्र सरकार फर्जी वोटो के आधार पर बनी है, जिसे तत्काल सरकार भंग कर देनी चाहिए। मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इंजी हृदेश यादव मुखिया ने आगामी आने वाले चुनावों को निष्पक्ष कराने के लिए चुनाव आयोग को चेतावनी दी एवं फर्जी वोटो पर बनी सरकार को भंग करने की मांग की। मार्च में सपा की पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, प्रदेश सचिव कांग्रेस बलवंत राजपूत, सुनील जैन, शत्रुधन यादव, मकरंद किलेदार विक्की भैया, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अजय प्रताप सिंह तोमर, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव मोंटी शुक्ला, नेहा, रामनरेश दुबे, रफीक अली, पवन विश्वकर्मा, परवेज पठान, शुभम शुक्ला सोनू, चारु सतभैया, जुनैद पठान, शत्रुघन यादव, कुलदीप पाठक, रोमान खान, रुपेश रजक, पुष्पेंद्र परमार पाली, इमरान खान, सुनील अहिरवार, नवल घावरी, रानू मंसूरी, उपेंद्र राजा, ऋषि रजक, जावेद, साहिल खान, पंकज श्रीवास, दीपक अहिरवार, अनिल अहिरवार, सूर्या बुंदेला, अमन साहू, नंदू सेन, केहर यादव, शरद यादव, निखिल शर्मा, सुधीर धानुक, सत्येंद्र राजपूत, गौरव दुबे, सचिन नामदेव आदि मौजूद रहे।

## नहीं थम रहे मामले, फर्जी नियुक्ति के नाम पर 1.5 लाख की ठगी

**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता जयकुमार पाल निवासी मोहल्ला रामनगर ने तहरीर में बताया कि उनके पिता आनंद कुमार को डा.पंकज पुरोहित पुत्र रामगुलाम, निवासी ग्राम खितवांस, थाना महरौनी ने आश्वासन दिया था कि वह उनके दो बेटों को मेडिकल कॉलेज में नौकरी लगवा देंगे। इसके लिए प्रति व्यक्ति 2 लाख रुपये की मांग की गई थी। आरोप है कि 3 मार्च 2024 को जयकुमार पाल ने 1.50 लाख रुपये नगद डा.पंकज पुरोहित को दिए, शेष राशि नियुक्ति के समय देने की बात हुई। भुगतान का वीडियो भी उनके पास मौजूद है। लेकिन कई बार पैसे वापस मांगने पर भी आरोपी टालमटोल करता रहा और रकम नहीं लौटाई। 11 अगस्त को पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## महाविद्यालय में किया जागरुक

# सभी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए समय पर करें आवेदन : प्राचार्य

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय के तुलसी सभागार में बी.काम तथा बी.एस-सी. (बायो/मैथ) तृतीय सेमेस्टर एवं पंचम सेमेस्टर के समस्त विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ किया। प्राचार्य ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में अध्ययनरत सभी वर्गो के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है, असावधानी के कारण छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरते समय कतिपय त्रुटियां कर दी जाती है जिस कारण से अनेक छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति पाने से वंचित रह जाते हैं। छात्रवृत्ति समिति के नोडल अधिकारी प्रथम जितेंद्र कुमार ने उपस्थित छात्रों को छात्रवृत्ति फॉर्म निर्धारित समय में चरणबद्ध तरीके से कैसे भरें, इसके बारे मंय जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि शासन के नियमानुसार उसी विद्यार्थी को छात्रवृत्ति दी जायेगी। जिसकी कम से कम कक्षाओं में 75 प्रतिशत उपस्थिति होगी। पूर्व कक्षा में 50 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा पिता अथवा अभिभावक के नाम शासन द्वारा निर्धारित आय एवं जाति प्रमाण पत्र संलग्न होना अनिवार्य है। नोडल अधिकारी द्वितीय धीरेन्द्र तिवारी ने छात्रवृत्ति आवेदन पत्र में वन टाइम रजिस्ट्रेशन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग की वार्षिक आय 2 लाख रुपये एवं अनुसूचित जाति जनजाति के छात्र-छात्राओं की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपये शासन द्वारा निर्धारित की गई। उन्होंने छात्र/छात्राओं को आवेदन करने का तरीका बताया। कम्प्यूटर आपरेटर फहीम बख्श टैबलेट हेतु आवेदन करने तथा डिजीशक्ति पोर्टल पर आधार वेरिफिकेशन करने के बारे में जानकारी प्रदान की।

## अगर दो मतदाता पत्र है तो हो सकती है कानूनी कार्रवाई, सजा

# एक से ज्यादा स्थान पर आप मतदाता हैं तो हो जाएं सावधान, यह कानूनन अपराध : टोनू

भारत देश एक लोकतांत्रिक देश है, जहां प्रत्येक नागरिक को मतदान का मूल अधिकार है। लेकिन इस अधिकार के साथ कुछ जिम्मेदारियां और कानूनी नियम भी जुड़े हुए हैं। इन्हीं में से एक महत्वपूर्ण नियम यह है कि किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में केवल एक ही स्थान पर दर्ज होना चाहिए, इससे अधिक स्थान पर मतदाता होने पर भारतीय कानून के अनुसार, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 17 और 18 में यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि कोई भी व्यक्ति जो योग्य मतदाता है, उसका नाम केवल एक निर्वाचन क्षेत्र में ही दर्ज होगा। यदि किसी व्यक्ति का नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज पाया जाता है, तो यह कानून का उल्लंघन और दंडनीय अपराध है।

### एक से अधिक स्थान पर नाम दर्ज होना गलत

जब कोई व्यक्ति एक स्थान से अधिक मतदाता होने पर मतदान में हेरफेर की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही चुनाव की पारदर्शिता और निष्पक्षता प्रभावित होती है। देश के संसाधनों और चुनाव प्रक्रिया का दुरुपयोग होता है हमारे भारतीय संविधान में इस प्रकार के दोषी पाए जाने वाला कोई भी व्यक्ति जानबूझकर या लापरवाही से अपना नाम दो या दो से अधिक स्थानों पर दर्ज करवाता है तो निर्वाचन आयोग उसके अतिरिक्त नाम हटाने की कार्रवाई करेगा,साथ ही मामला साबित होने पर कानूनी दंड भी लग सकता है, जिसमें सज़ा या जुर्माना शामिल हो सकता है।

### कोई नागरिक निवास बदलता है तो यह प्रक्रिया आवश्यक

यदि आप किसी कारणवश अपना निवास स्थान बदलते हैं, तो आपको नए पते के अनुसार अपने विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाना होगा फार्म 6 भरकर पुराने पते से अपना नाम हटवाने के लिए फार्म 7 भरकर आवेदन करना होगा। यह प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क और ऑनलाइन/ ऑफलाइन दोनों माध्यमों से संभव है इसे अवश्य करा लेना अनिवार्य है ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में निवास कर रहे नागरिक अवश्य ध्यान दे हमारे जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले कई परिवार शहरी क्षेत्रों में निवास कर रहे है, चूंकि ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत चुनाव एव अन्य चुनावों के चलते वह ग्राम एवं शहर दोनों जगह मतदाता बन जाते है लेकिन यह पूर्ण रूप से असवैंधानिक है। इसके चलते आप खतरे में पड़ सकते है। हमारा कर्तव्य हैं कि हम स्वयं अपने द्वारा यह प्रक्रिया दुरुस्त कराये क्योंकि मतदान प्रक्रिया लोकतंत्र की रीढ़ है, और इसे निष्पक्ष बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। एक से अधिक स्थानों पर मतदाता होना न केवल कानून के खिलाफ है, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत भी है। इसलिए हर नागरिक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसका नाम एक ही निर्वाचन क्षेत्र में सही जानकारी के साथ दर्ज हो। कहीं मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से गायब भी है ऐसे बन जाता जागरूक मतदाता बनकर वोटर बन सकते हैं ।

## कटरा बाजार, सराफा एसोशियेशन के बैनर तले लोगों ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

# श्रीगणेश प्रतिमा स्थापना के पूर्व सड़क निर्माण हो

**ललितपुर।** आगामी दिनों में जिले में प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं की झांकियां लगायी जायेंगी। शहर में सबसे बड़ी प्रतिमा कटरा बाजार में स्थापित की जाती है। लेकिन वार्ड संख्या 10 कटरा बाजार में काफी समय से सड़क खराब पड़ी हुयी है। यहां लोगों को वाहन या पैदल चलने में भी भारी परेशानियां उठानी पड़ती हैं। ऐसे में झांकी तक आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानियां सामने आ रहीं हैं। ऐसे में कटरा बाजार में सड़क निर्माण कराया जाना अत्यन्त आवश्यक है। सड़क निर्माण की प्रमुख मांग को लेकर सराफा एसोशियेशन (रजि.) के अध्यक्ष मनोज कुमार मज्जू सोनी के




नेतृत्व में सराफा व्यापारियों व श्रद्धालुओं ने लामबंद होकर एक ज्ञापन नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा को सौंपा है। कार्यालय परिसर में सौंपे गये ज्ञापन में ईओ को लोगों ने अवगत कराया कि कटरा बाजार में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा स्थापित की जानी है। लेकिन यहां सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव पास हुआ था। चूंकि कुछ दिनों बाद ही यहां गणपति प्रतिमा विराजमान होनी है, उसके पहले यदि सड़क निर्माण किया जाये तो लोगों को आसानी होगी। यह भी बताया कि श्रीगणेश प्रतिमा के उपरान्त मां भगवती की भी विशालकाय प्रतिमा यहां स्थापित की जाती है। आगामी इन त्यौहारों के मद्देनजर कटरा बाजार में सड़क निर्माण कराये जाने की अत्यन्त आवश्यकता है। ईओ ने लोगों की मांग को सुनकर यथाशीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देते समय अध्यक्ष मनोज कुमार मज्जू सोनी, पार्षद अफजुल रहमान, पार्षद अमरदीप रजक, विद्याकान्त मालवीय, मकरंद किलेदार विक्की भैया, हृदेश कुमार हुण्डैत, मिन्टू सिंघई, रामदास मुंशी, रिंकू बबेले, अभय पारौल, कुक्कन महाराज, राजेन्द्र, अरविन्द जैन, रामकोटि, सुदामा मिश्रा, सतीश कुमार जैन, कल्लू आदि मौजूद रहे।

### पीआरडी जवान पर हरिजन उत्पीड़न का आरोप लगा

**ललितपुर।** मोहल्ला नेहरू नगर निवासी प्रभूदयाल पुत्र भग्गी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 1 अगस्त को शाम करीब 6 बजे वह अपने काम से सुपर मार्केट गया हुआ था, जहां पीआरडी में तैनात संजय तोमर पुत्र भगवानदास आया और उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित करते हुये गालियां देने लगा। विरोध करने पर संजय तोमर ने उसके साथ बेल्ट से मारपीट कर दी। इस घटना को वहां मौजूद नीरज, भरत, विनोद, हल्के, दाऊ, राजकुमार, ऋषि नायक, संघपाल, ब्रजबिहारी मिश्रा, रामचरन इत्यादि लोगों ने देखा और बचाया। आरोप है कि संजय तोमर उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। घटनाक्रम वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड है।

# पिता-पुत्र से मारपीट करने वाले चार दबंग पुलिस की गिरफ्त में



**ललितपुर।** सोमवार की शाम करीब 6 बजे मसौरा बैरियल पर पिता-पुत्रों से मारपीट करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने चारों हमलावरो को दबोच लिया है। घटना के महज चंद घण्टों बाद ही पुलिस ने चार बदमाशों को धर-पकड़ा । मिली जानकारी में निकटवर्ती ग्राम रघुनाथपुरा के प्रकाश कुशवाहा पुत्र रामदास ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि सोमवार को वह अपने पुत्र पवन के साथ मसौरा बैरियल पर था। शाम 6 बजे ग्राम सतरवांस निवासी रूद्रप्रताप ठाकुर पुत्र भगवत सिंह, अजय ठाकुर, बंटी पुत्र भूरे व सागर नाम के लोगों ने जमानत होने के बाद फिर से गालियां देते हुये उसे व उसके पुत्र संजय व पवन को लात-घूसों और लाठियों से मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आयी है। वहीं पुत्र पवन का हाथ टूट गया और संजय भी घायल है। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग काफी दबंग किस्म के लोग हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी।

### विधायक यादव ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित, तिरंगा यात्रा की तैयारियों की बनाई विस्तृत रूपरेखा

# तिरंगा यात्रा निकालने मार्ग और सजावट के साथ स्वागत के लिए तैयारियां हुईं तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी 15 अगस्त को समूचा देश स्वतंत्रता की 79वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। इसी तारतम्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्येक विधानसभा में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली जानी है। उक्त यात्रा की तैयारियों एवं विस्तृत रूपरेखा तैयार करने क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव ने सोमवार दोपहर अपने कार्यालय में राजगढ़, कालीपीठ एवं पिपलोदी मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान यात्रा की तारीख, मार्ग, सजावट, सुरक्षा, प्रचार-प्रसार इत्यादि के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई वहीं कार्यकर्ताओं ने भी अपने सुझाव दिए। विधायक श्री यादव ने कहा कि इस बार की तिरंगा यात्रा अन्य वर्षों से कहीं ज्यादा भव्य और एतिहासिक रूप से निकाली जाएगी।

## विधायक ने पीएमश्री स्कूल में किया निःशुल्क साइकिल वितरण

पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़यि जरगर में सोमवार को पात्र विद्यार्थियों को शासन की तरफ से निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह का आयोजन करवाया गया। इस दौरान विधायक श्री यादव ने कहा कि निःशुल्क साइकिल वितरण का मुख्य उद्धेष्य स्कूल से दूर पढ़ने वाले बच्चों को सहजता के साथ स्कूल तक पहुंचाना है। कार्यक्रम उपरान्त एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत स्कूल परिसर में विभिन्न किस्मों के पौधे भी रौपे गए। विधायक श्री यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि रौपे गए पौधों की पेड़ बनने तक देखभाल अवश्य करें।

## हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत तिरंगा रैली एवं सफाई अभियान



**नरसिंहगढ़** । नगर पालिका परिषद द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आज नगर में भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रैली के साथ-साथ नगर की प्रमुख सड़कों पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।रैली के दौरान देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। साथ ही सफाई कर्मियों ने मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्र एवं सार्वजनिक स्थानों पर विशेष साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।एसडीएम सुशील कुमार ने कहा कि स्वच्छता और राष्ट्रप्रेम, दोनों ही समाज के लिए आवश्यक हैं। तिरंगा अभियान हमें एकता और गौरव का संदेश देता है, वहीं स्वच्छता अभियान स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।कार्यक्रम में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, सीएमओ अभिषेक जैन, थाना प्रभारी शिवराज सिंह, रिंकू जाट, छत्रवर्धन सिंह सहित जनप्रतिनिधि, नगर पालिका कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

## नपा ने चलाया तिरंगा यात्रा का पैलेस स्वच्छता हुआ सिंगल प्लास्टिक शहर मुक्त अभियान



**कुरावर**। नगर में नगरी प्रशासन का निर्देश अनुसार सोमवार को शाम 5 बजे के करीब नगर के बस स्टैंड पर विधायक मोहन शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश मंडलोई, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन, थाना प्रभारी संगीता शर्मा सिंगल उसे प्लास्टिक शहर मुक्त अभियान एवं तिरंगा यात्रा के पहले स्वच्छता अभियान में नगर के बस स्टैंड पर झाड़ू लगाकर साफ सफाई की एवं नगर में प्लास्टिक थैली की जगह कपड़ों के ठेले उपयोग करने की नगर वासियों से अपील की इस मौके पर प्रतिनिधि दिलीप बना, मंडल उपाध्यक्ष हिरदेश चंद्रवंशी, मुरारी मीणा, रवि पाल, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, भूपेंद्र सिंह भदोरिया, रघुवीर सिंह राजपूत, , नीरज राठौर, आदि सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने का लिया संकल्प, निकाली रैली

### पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी व आमजन हुए शामिल



**राजगढ़**। हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को मुख्यालय स्थित मंगल परिसर से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह यात्रा बिरसा मुंडा चैराहा, मेन मार्केट, सब्जी बाजार होते हुए जेल रोड चैराहे पर पहुंची। यात्रा का मुख्य उद्धेश्य सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने को लेकर आमजनों को प्रेरित करना था। इस संबंध में विद्यार्थियों ने प्लास्टि मुक्त जिले संबंधी नारे भी लगाए। इस दौरान अधिकारी, कर्मचारियों ने स्वयं सड़क पर फैले सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र कर उचित स्थान पर निस्तारित किया ताकि समाज में पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता का संदेश पहुंच सके। इस अवसर पर नागरिकों से आव्हान किया गया कि जिस तरह देश ने अग्रेंजो से आजादी पाई, वैसे ही इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सब मिलकर सिंगल यूज प्लास्टिक से भी स्वतंत्रता प्राप्त करें। यह प्रयास न केवल स्वच्छता की दिशा में एक सार्थक कदम होगा बल्कि आने वाली पीढियों भी बेहतर पर्यावरण में जी सकेंगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मण्डराह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे, एसडीएम रत्नेश श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर निधि भारद्वाज, नगर पालिका सीएमओ पवन अवस्थी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### लाख प्रयास हो गए नाकाम

# कार चालक ने कई गायों को रौंदा गोसेवकों ने कर दिया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र में यहां-वहां विचरण करते लावारिस गौवंश की सुरक्षा हेतु प्रशासन द्वारा किए जा रहे तमाम प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। दूर-दराज आंतरिक मार्गों की बात तो दूर मुख्यालय पर ही अनेकों गायें सहित अन्य मवेशी मेन सड़क हादसों का शिकार हो रहे हैं। रविवार-सोमवार की रात्रि हुए इसी तरह की घटनाक्रम में एक स्विफ्ट कार चालक ने पहले करेड़ी में कुछ गायों को कुचला एवं उसके बाद करेड़ी राजगढ़ के बीच भी गायों में टक्कर मारी। इस दुर्घटना में 2 गायों के मरने की सूचना है वहीं कुछ गायें व अन्य मवेशी घायल हुए। घटना की सूचना मिलते ही राजगढ़ नगर के सेवाभावी युवक रात्रि को ही मौके पर पहुंचे और संबंधित कार की पहचान की। उल्लेखनीय है कि बीते एक महीने में अनेकों गायें सड़क हादसे में अपनी जान गवां चुकी हैं।

## खिलचीपुर नाके पर किया चक्काजाम

गौवंश के साथ हुई उक्त घटना से आक्रोषित गौ-सेवकों ने रात्रि में ही स्थानीय खिलचीपुर नाका चैराहे पर काफी समय तक नारेबाजी करते हुए चक्काजाम किया। गौसेवकों ने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा इनकी सुरक्षा हेतु ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं और इसी वजह से निरीह गायें हादसों में अपनी जान गवां रही हैं। गौसेवकों ने सोमवार दोपहर पशु चिकित्सा विभाग के उप-संचालक महिपाल सिंह कुशवाह से मुलाकात कर गौवंश के ठोर-ठिकाने हेतु स्थाई इंतेजाम सहित घायल मवेशियों को समय पर उचित उपचार दिए जाने के संबंध में मुलाकात भी की। जिले भर में आए दिन हाइवे पर गौवंश दुर्घटना के शिकार होने की घटनाए होती रहती हैं। गौसेवकों द्वारा कई बार प्रशासन को अवगत कराने के लिए प्रर्दशन व धरने का सहारा लिया गया परंतु इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया जिसके चलते आए दिन गौवंश दुर्घटना का शिकार हो रही है और सब मूक दर्शक बने हुए है। बिना ठोस कार्रवाई के गौवंश को दुर्घटनाओं से बचाना नमुमकिन ही है। अभी हाल ही में पचोर व सारंगपुर हाइवे पर एक दर्जन गायों को अज्ञात वाहनों द्वारा रोंदा गया था जिसको लेकर युवाओं ने प्रशासन का अलर्ट भी किया था।

## निः शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न

**सुठालिया**। सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊ में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम किया गया मुख्य अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था की और से मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह मंडल महामंत्री धर्मेंद्र सक्सेना पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि अमृतलाल भिलाला पंचायत सदस्य हरिशंकर दौलतराम यादव पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रतिनिधि नारायण सिंह लोधी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे मंडल अध्यक्ष ने छात्रों से कोई समस्या हो तो छात्रों ने पेयजल की समस्या से अवगत कराया।

# कुरीतियों पर रोक के लिए धाकड़ समाज की जिला बैठक, समाज सुधार का संकल्प



**सारंगपुर**। धाकड़ समाज की जिला स्तरीय बैठक शनिवार को उदनखेड़ी धर्मशाला में आयोजित हुई, जिसमें राजगढ़ जिले भर से समाज के पदाधिकारी और बंधु शामिल हुए। बैठक में आगामी श्री धरणीधर जयंती चल समारोह की तैयारियों के साथ-साथ समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रतिबंध लगाने और समाज कल्याण व विकास के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया।

निर्णय लिया गया कि शादी-विवाह में डीजे जैसी पाश्चात्य परंपराओं पर रोक, मृत्यु भोज को सीमित करना और साल में अधिकतम 2-3 बड़े सम्मेलन आयोजित करना समाज के हित में रहेगा। वरिष्ठ समाजसेवी गुलाब सिंह सुस्तानी ने कहा कि 40 वर्ष पहले धाकड़ समाज की परंपराओं का अन्य समाज भी अनुसरण करता था, लेकिन नई पीढ़ी भटक रही है। डीजे और शराब जैसे चलन युवाओं के लिए हानिकारक हैं और इन पर रोक आवश्यक है। सांसद रोडमल नागर व राज्यमंत्री मोहन नागर ने भी खर्चीली शादियों, मृत्यु भोज और गैर-पारंपरिक आयोजनों पर रोक लगाकर शिक्षा, रोजगार और विकास पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की। बैठक के दौरान नंदलाल नागर, राधेश्याम रोसिया, गिरवर नागर, देवीसिंह नागर, राजेश भंडारी, घनश्याम नागर, जगदीश नागर सहित समाज के वरिष्ठजन, जिले व प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# नरसिंहगढ़ में बढ़ेगा मतदान केंद्रों का आंकड़ा, अब होंगे 312 बूथ

### राजनीतिक दलों की बैठक में बूथ विस्तार पर बनी सहमति



**नरसिंहगढ़**। चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुपालन में एसडीएम कार्यालय नरसिंहगढ़ में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्षों के साथ एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम ने की, जिसमें आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर बूथ विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 या उससे अधिक है, उन्हें दो भागों में विभाजित किया जाएगा ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और चुनाव प्रक्रिया अधिक सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके। नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल 279 मतदान केंद्र हैं, जिनमें से 33 केंद्र ऐसे पाए गए हैं जहां मतदाताओं की संख्या 1200 या उससे अधिक है। इन 33 केंद्रों को दो भागों में विभाजित करने के बाद अब कुल मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 312 हो जाएगी।एसडीएम ने बताया कि बूथों के पुनर्गठन से मतदाताओं को सुविधा मिलेगी और भीड़भाड़ से बचाव होगा। साथ ही, सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा भी जताई गई है ताकि यह प्रक्रिया पारदर्शी और निर्विघ्न रूप से पूर्ण हो सके। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी इस निर्णय का स्वागत किया और चुनाव आयोग के इस कदम को मतदाताओं की सुविधा की दृष्टि से उचित बताया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह परमार, बृजमोहन गुर्जर, कॉंग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गुर्जर, कमल भंडारी आदि मौजूद थे।

# पहली बार भादौ के पहले सोमवार को निकाली बाबा पशुपतिनाथ की शाही पालकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

शहर में पहली बार भादो माह के प्रथम सोमवार को प्रसिद्ध श्री पशुपतिनाथ मंदिर से बाबा पशुपतिनाथ की भव्य शाही पालकी यात्रा बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। ऐतिहासिक महत्व की इस यात्रा में शहरभर के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



सुबह मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना और भजन संकीर्तन के बाद बाबा पशुपतिनाथ की प्रतिमा को सुसज्जित शाही पालकी में विराजित किया गया। ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों की मधुर ध्वनियों के बीच यात्रा का शुभारंभ मंदिर से हुआ। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूल वर्षा और आरती कर बाबा का स्वागत किया। शाही पालकी यात्रा लक्ष्मीगंज, बापू बाजार, सदर बाजार, नीचला बाजार, हाट रोड, एबी रोड सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। पूरे मार्ग में भक्ति गीतों, 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। अनेक स्थानों पर सामाजिक संगठनों और स्थानीय निवासियों ने श्रद्धालुओं के लिए जलपान और प्रसाद की व्यवस्था की। उल्लेखनीय है कि यह पहला अवसर था जब भादो के प्रथम सोमवार को शाही पालकी यात्रा का आयोजन हुआ।

## भुजरिया मिलन में चमका क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का आपसी सौहार्द्र

**गुना**। श्री क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का भुजरिया मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे शहर के कई गणमान्य नागरिकों के साथ समाज के महिला, पुरुष और बच्चों की बड़ी संख्या ने कार्यक्रम में भाग लिया। अन्य प्रदेशों से आए विशेष मेहमानों ने भी अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर भुजरिया पर्व की शुभकामनाएं दीं। उपस्थित जनों के लिए स्वादिष्ट नाश्ता एवं स्वच्छ पेयजल की उत्तम व्यवस्था की गई थी।

# जन अभियान परिषद ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में किया पौधरोपण



**सारंगपुर** । मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा चयनित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उदनखेड़ी में सोमवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजगढ़ सांसद रोडमल नागर ने इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जैसे हम अपनी मां का ख्याल रखते हैं, वैसे ही लगाए गए पौधे की देखभाल भी करनी चाहिए। प्रत्येक नागरिक को पेड़ लगाकर कम से कम पांच वर्ष तक उसका संरक्षण करना चाहिए। वही जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने नवांकुर सखी अभियान की जानकारी दी एवं मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केमिकल युक्त मूर्तियों के कारण जल स्त्रोत प्रदूषित होते हैं, इसलिए इस बार परिषद ने मिट्टी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है, ताकि गांव-गांव में पर्यावरण अनुकूल गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जा सकें। कार्यक्रम में ब्लाक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया के नेतृत्व में समिति सदस्यों के साथ स्कूल परिसर में 40 पौधे लगाए गए। जन संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। संचालन राधेश्याम नागर रोशिया ने किया, जबकि आभार प्रस्फुटन समिति के जितेंद्र सिंह तोमर ने व्यक्त किया।

# शराब के नशे में बीच सड़क पर लेट गया युवक, यातायात प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

शहर के तेलघानी चौराहे पर दोपहर को एक युवक बीच सड़क पर आकर लेट गया। जिससे यातायात प्रभावित हुआ। बताया गया कि उक्त युवक शराब के नशे में चूर था और सड़क पर उत्पात मचाते हुए वह तेलघानी चौराहे पर रोटरी के पास बीच सड़क पर जाकर लेट गया। इस दौरान यातायात प्रभावित हुआ और वाहनों को साइड से निकलना पड़ा। हालांकि मामले की भनक जब पुलिस को लगी तो पुलिस मौके पर पहुंची और नशे में धुत युवक को सड़क से हटाकर साइड में ले जाया गया। शहर में अक्सर नशेड़ी इस तरह के उत्पात मचाते रहते हैं।

रविवार को भी बीजी रोड स्थित ओवर ब्रिज के पास एक युवक शराब के नशे में धुत सड़क पर पड़ा हुआ था जिसे देखने के लिए लोगों का बड़ी देर तक हुजूम लगा रहा। पिछले महिने पुलिस द्वारा एक पखवाड़े तक नशा मुक्ति अभियान चलाया गया और लोगों को नशे के दुष्परिणाम बताते हुए इससे दूर रहने का आग्रह किया। लेकिन समाज में नशे की लत तेजी से फैल रही है। इसका कारण नशीले पदार्थों का आसानी उपलब्ध होना भी है। शहर के मुख्य रोड और एबी रोड किनारे शराब दुकानें संचालित हो रही हैं। शाम के समय सड़क किनारे लोग बैठकर शराब पीते नजर आते हैं। कुशमोदा पुलिस चौकी से महावीरपुरा रेलवे ओवरब्रिज तक रात को 11-12 बजे तक जगह-जगह युवक शराब पीते नजर आएंगे।

## खोयरी महादेव के 40 वर्षों से सेवादार रहे चैनसिंह का निधन



**राजगढ़**। क्षेत्री के प्रसिद्ध बैजनाथ खोयरी महादेव मंदिर में विगत 40 वर्षों से सेवाएं देते आ रहे सेवादार चैनसिंह भिलाला निवासी वार्ड-1 का सोमवार को निधन हो गया। हंसमुख, मिलनसार और धार्मिक प्रवृत्ति के श्री चैनसिंह के निधन की खबर लगने पर पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। श्री चैनसिंह लगभग 40 सालों से खोयरी महादेव मंदिर में बतौर चैकीदार अपनी सेवाएं देते आ रहे थे। वे न केवल मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े हुए थे बल्कि वहां की स्वच्छता सहित अन्य कार्यों में भी उत्साह के साथ भाग लेते थे। उनकी अंतिम यात्रा में नगर के कई गणमान्य नागरिक सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# प्रजापति ब्रह्मा कुमारीय विवि में रक्षा बंधन पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवाकेंद्र में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक हजारीलाल दांगी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा , जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कालूसिंह तोमर, बालचंद दांगी, ईश्वर सिंह तोमर बटावदा, लखन तोमर ,बापुलाल दांगी एवं ब्रह्मकुमारी जिला संयोजिका बी.के.मधु दीदी ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि आज हरेक बहन असुरक्षित है ,मानव संस्कृति का पतन होने के कारण मनुष्य मन में विकृति आ गई है और उसके लिए प्रयास की जरूरत है। चार विकारों को त्यागें एवं एक दिन में एक बार आश्रम आयें-- बी.के. मधु दीदी जिला संयोजिका ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि मानव जीवन को सुखमय और शांतिपूर्ण बनाने के लिए चार मुख्य विकारों को त्यागना है वह है -काम, क्रोध, मद और लोभ।

उन्होंने कहा कि ये चारों ही मनुष्य के मानसिक और आत्मिक पतन के कारण हैं, जो न केवल व्यक्ति को भीतर से खोखला कर देते हैं, बल्कि समाज में भी अशांति फैलाते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि वह आत्मचिंतन के माध्यम से इन विकारों से मुक्त होकर सच्चे अर्थों में एक श्रेष्ठ और संतुलित जीवन की ओर अग्रसर हों।यही नहीं आप प्रतिदिन एक बार आश्रम आयें।

रक्षाबंधन के धागे का अपना अलग महत्व इस धागे का रहस्य बड़ा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वास्तव में इस पर्व के पीछे केवल शारीरिक रक्षा का सवाल नहीं है, बल्कि संकल्पों के बंधन का भाव भी समाया होता है। रक्षाबंधन का अर्थ है एक दूसरे की पवित्रता व सम्मान की रक्षा करना जो कि केवल तब होगा जब हम सब आत्मिक संबंध जोड़ेंगे। राखी बांधना अर्थात आपस में एक पवित्र प्रेम के बंधन में बंधना। जो हम सबके आत्मिक पिता परमात्मा की बताई हुई शिक्षाओं पर चलकर ही संभव है।